कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, ओबरा वन प्रभाग, ओबरा–सोनभद्र।
पत्रांक– 1734 /ओबरा/ 15 भू0ह0, दिनांक– 05/03/2026.

सेवा में,

सी0ओ0ओ0,
मे0 अल्ट्राटेक सीमेन्ट लि0,
यूनिट–डाला सीमेन्ट वर्क्स,
डाला सोनभद्र।

विषय– जनपद–सोनभद्र के ओबरा वन प्रभाग में मे0 अल्ट्राटेक सीमेन्ट लि0, डाला सोनभद्र द्वारा कजरहट (डाला) लाईम स्टोन माईन्स के अन्तर्गत 331.475हे0 आरक्षित वनभूमि पर खनन कार्य हेतु लीज पर हस्तान्तरित किये जाने की अनुमति के सम्बन्ध में। (प्रस्ताव संख्या– FP/UP/MIN/47074/2020)

सन्दर्भ– इस कार्यालय का पत्रांक–1347/ओबरा/12 बैठक, दिनांक–09.01.2026, पत्रांक–1376/ओबरा/15भू0ह0, दिनांक –14.01.2026, पत्रांक–1685/ओबरा/15भू0ह0, दिनांक–27.02.2026 तथा आपके कार्यालय के पत्रांक–UTCL/DLCW/FC/2026/20 दिनांक–19.02.2026

महोदय,

विषयगत प्रकरण संबंधित इस कार्यालय के पत्रांक–1685/ओबरा/15भू0ह0, दिनांक–27.02.2026 का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा विषयगत प्रकरण के सम्बन्ध में कतिपय बिन्दुओं पर सूचना/अभिलेख इस कार्यालय में उपलब्ध कराने हेतु पत्राचार किया गया था। उक्त सम्बन्ध में आप द्वारा अवगत कराया गया था कि वांछित सूचना/अभिलेख दिनांक 05.03.2026 तक उपलब्ध करा दिया जायेगा। परन्तु वांछित सूचना/अभिलेख इस कार्यालय को अद्यतन तक अप्राप्त है। जिस कारण प्रकरण में अग्रेत्तर आवश्यक कार्यवाही किया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है। अतः इस कार्यालय के पत्रांक–1685/ओबरा/15भू0ह0, दिनांक–27.02.2026 की प्रति संलग्न कर इस आशय से प्रेषित कि उक्त वांछित सूचना/अभिलेख इस कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, जिससे कि अग्रेत्तर आवश्यक कार्यवाही की जा सके।

संलग्नक–उपरोक्तानुसार।

भवदीय

प्रभागीय वनाधिकारी
ओबरा वन प्रभाग, ओबरा सोनभद्र।

संख्या– 1734 अ/समदिनांक।

प्रतिलिपि :–मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, उ0प्र0 लखनऊ महोदय को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
प्रतिलिपि :–मुख्य वन संरक्षक, मीरजापुर क्षेत्र, मीरजापुर महोदय को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
प्रतिलिपि :–प्रभागीय वनाधिकारी, सोनभद्र/कैमूर वन्यजीव प्रभाग मीरजापुर/रेनुकूट/मीरजापुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रभागीय वनाधिकारी
ओबरा वन प्रभाग, ओबरा सोनभद्र।